# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिंगरौली (म.प्र.)

## //संशोधित विविध आदेश//

क्र0–38/एक–5–1/2010, सिंगरौली, दिनांक–24.04.2025

माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर का नोटिफिकेशन क्रमांक बी/1947/तीन–6–4/2003, जबलपुर दिनांक 23.04.2025 के द्वारा श्री राकेश कुमार कुशवाह, षष्ठम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिंगरौली को विशेष न्यायाधीश, अंतर्गत विद्युत अधिनियम 2003 के प्रकरणों की सुनवाई हेतु नामित किया गया है एवं माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर का नोटिफिकेशन क्रमांक बी/1949/एनडीपीएस/तीन–6–3/89, जबलपुर दिनांक 23.04.2025 के द्वारा श्री उमेश कुमार सोनी, सप्तम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिंगरौली को विशेष न्यायाधीश, अंतर्गत एन0डी0पी0एस0 एक्ट के प्रकरणों की सुनवाई हेतु नामित किया गया है तथा माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर का नोटिफिकेशन क्रमांक बी/1951/Exclusively POCSO/तीन–6–5/2010 (FTSCS) C.S.S. जबलपुर दिनांक 23.04.2025 के द्वारा श्रीमती कंचन गुप्ता, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिंगरौली को विशेष न्यायाधीश, अंतर्गत पॉक्सों एक्ट 2012 के प्रकरणों की सुनवाई हेतु नामित किया गया है।

अतः कार्यालय से वर्ष 2024 के लिये जारी सिविल कार्य विभाजन आदेश क्रमांक 01 सिंगरौली दिनांक 30.12.2023 में निम्नलिखित आंशिक संशोधन समाविष्ट किया जाता है:–

| क्र0 | न्यायालय का नाम | क्षेत्राधिकार | प्रकरणों का प्रकार जिनकी सुनवाई कर निराकरण किया जाना है। |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राकेश कुमार कुशवाह, षष्ठम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सिंगरौली | सत्र खण्ड सिंगरौली | 1. सत्रखण्ड सिंगरौली से उत्पन्न समस्त विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत लंबित, संस्थापित प्रकरण एवं उनसे संबंधित जमानत आवेदन पत्र। |
| 2. | श्री उमेश कुमार सोनी, सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सिंगरौली | सत्र खण्ड सिंगरौली | 1. सत्रखण्ड सिंगरौली से उत्पन्न समस्त मादक द्रव्य एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत लंबित, संस्थापित प्रकरण एवं उनसे संबंधित जमानत आवेदन पत्र। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **3.** | श्रीमती कंचन गुप्ता द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सिंगरौली | सत्र खण्ड सिंगरौली | 1. माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अधीन रहते हुए, जिला मुख्यालय सिंगरौली से उद्भूत समस्त लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रकरण एवं उनसे उत्पन्न जमानत आवेदन पत्र। |

उक्त संशोधित विविध आदेश, आदेश दिनांक से प्रभावशील होगा।

-sd-
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला–सिंगरौली (म0प्र0)

पृ0 क्र0–873 / एक–5–1 / 2010, सिंगरौली, दिनांक–24.04.2025

1. समस्त जिला एवं अति0 सत्र न्यायाधीश, वैढ़न जिला–सिंगरौली म0प्र0
2. प्रस्तुतकार न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, वैढ़न जिला–सिंगरौली
3. अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ बैढ़न जिला सिंगरौली,

.................की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला–सिंगरौली (म0प्र0)